# दिशानिर्देश

## प्रारंभिक बाल्यकाल शिक्षा और देखभाल क्षेत्र जाँच में प्रस्तुतिकरण

**आप इस जाँच में अपना पक्ष प्रस्तुत करके इस समिति के साथ अपने विचार और अनुभव साझा कर सकते हैं। इससे समिति के सदस्यों को यह समझने में मदद मिलेगी कि आप, आपका परिवार, आपका संगठन या आपका समुदाय इस मुद्दे के बारे में क्या सोचते हैं।**

## मैं प्रस्तुतिकरण कैसे करूँ?

आप इस जाँच के लिए ईमेल के माध्यम से लिखित प्रस्तुतिकरण कर सकते हैं। आप अपनी प्रस्तुति PortfolioCommittee3@parliament.nsw.gov.au पर भेज सकते हैं। प्रस्तुतिकरण को लंबा, औपचारिक या विस्तृत होने की आवश्यकता नहीं है। इसमें केवल कार्यक्षेत्र संबंधी पूछताछ के लिए आपके विचार स्पष्ट रूप से प्रकट किए जाने चाहिए। कार्यक्षेत्र का अनुवाद विभिन्न भाषाओं में भी किया गया है और वे पूछताछ वेबसाइट के कार्यक्षेत्र टैब (terms of reference tab) पर उपलब्ध हैं।

अपने प्रस्तुतिकरण में, आपको निम्नलिखित करना चाहिए:

- अपना या अपने संगठन का परिचय दें,
- अपने विचारों को साझा करने में प्रासंगिक, स्पष्ट और संक्षिप्त रहे,
- बताएँ कि मुद्दे क्या हैं, और संभावित समाधान/ सिफ़ारिशें शामिल करें,
- दूसरों के बारे में प्रतिकूल टिप्पणियाँ शामिल करने से बचें,
- बताएँ कि आप सुनवाई में साक्ष्य देना चाहते हैं या नहीं।

प्रस्तुतिकरण की अंतिम तिथि **रविवार 15 जून 2025** है। यदि आप समयावधि बढ़ाना चाहते हैं, तो कृपया PortfolioCommittee3@parliament.nsw.gov.au पर ईमेल करें।

एक बार जब आप अपना प्रस्तुतिकरण दर्ज कर देंगे, तो आपको इस पर कार्रवाई हो जाने के बाद एक पावती ईमेल प्राप्त होगा।

## क्या प्रस्तुतियाँ प्रकाशित की जाती हैं?

समिति यह तय करेगी कि आपकी प्रस्तुति प्रकाशित की जाए या नहीं। जब आप अपनी प्रस्तुति दर्ज कराते हैं तो आपको यह बताना चाहिए कि:

- आप चाहेंगे कि आपकी प्रस्तुति आपके नाम के साथ या उसके बिना प्रकाशित की जाए,
- आप चाहेंगे कि आपकी प्रस्तुति के सभी या कुछ भाग, जिसमें आपका नाम भी शामिल है, गोपनीय रखे जाएँ, साथ ही कारण भी बताएँ।

प्रस्तुति प्रकाशित करने का निर्णय लेने से पहले, समिति आपके अनुरोध पर विचार करेगी।

## प्रस्तुतिकरण क्यों करें?

प्रस्तुतियों से प्राप्त जानकारी को अक्सर समिति की रिपोर्ट में शामिल किया जाता है (जब तक कि यह गोपनीय न हो) और यह समिति की सिफ़ारिशों और/या निष्कर्षों को सूचित कर सकती है। अपने विचार, अनुभव या कहानी साझा करना मूल्यवान है, क्योंकि इसका प्रभाव शक्तिशाली हो सकता है और सरकारी नीतियों, निर्णयों या क़ानूनों में बदलाव ला सकता है।

## अधिक जानकारी

पूछताछ के बारे में जानकारी के लिए वेबसाइट देखें। अनुवाद सहायता के लिए या प्रस्तुतिकरण की नियत तिथि बढ़ाने के लिए समिति के कर्मचारियों से संपर्क करें।

www.bit.ly/ECEC-Inquiry

(02) 9230 3081

PortfolioCommittee3@parliament.nsw.gov.au

PARLIAMENT NSW